**A**

**CCE RF/RR**
**PF/PR**

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD,**
**MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2025 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-1
**MARCH/APRIL 2025 EXAMINATION-1**

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು
# MODEL ANSWERS

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : Third Language — HINDI

(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ/ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ/ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ/ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ)
**( Regular Fresh / Regular Repeater / Private Fresh / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : **04. 04. 2025 ]** **[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**
**Date : 04. 04. 2025 ]** **[ Max. Marks : 80**

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8** | |
| 1. | 'उचित' शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) सूचित (B) अनुचित<br>(C) समुचित (D) चित<br>**उत्तर :** (B) अनुचित | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –<br>(A) प्रतियाँ (B) प्रति<br>(C) पुस्तक (D) पत्ता<br>**उत्तर :** (A) प्रतियाँ | 1 |
| 3. | 'लेखिका' शब्द का पुल्लिंग रूप है –<br>(A) लेखन (B) लेखनी<br>(C) लेख (D) लेखक<br>**उत्तर :** (D) लेखक | 1 |
| 4. | 'गिरना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –<br>(A) गिरावट (B) गिराना<br>(C) गिर (D) गिरी<br>**उत्तर :** (B) गिराना | 1 |
| 5. | मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ ?<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) विस्मयादिबोधक (B) पूर्ण विराम<br>(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम<br>**उत्तर :** (C) प्रश्नवाचक | 1 |
| 6. | 'एकैक' शब्द में संधि है –<br>(A) वृद्धि (B) गुण<br>(C) अयादि (D) व्यंजन<br>**उत्तर :** (A) वृद्धि | 1 |
| 7. | निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण है –<br>(A) राजकुमार (B) दिन–रात<br>(C) बारहमासा (D) आजीवन<br>**उत्तर :** (C) बारहमासा | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 8. | यह तो जमीन .......... लेटा है ।<br>रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –<br>(A) की (B) पर<br>(C) से (D) को<br>**उत्तर :** (D) पर | 1 |
| **II.** | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| 9. | ज्ञान का : दीप : : न्याय का : ...........<br>**उत्तर :** पताका | 1 |
| 10. | मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : .......<br>**उत्तर :** व्यंग्य रचना | 1 |
| 11. | धंधे की चिंता थी : रोबोजीत को : : साधोराम की चिंता थी : ............<br>**उत्तर :** रोबोनिल को | 1 |
| 12. | मेजर : कुमार : : रज्जु नेता : ..................<br>**उत्तर :** अंग दोरजी | 1 |
| **III.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| 13. | लेखक प्रेमचंद जी को क्या नज़र आया ?<br>**उत्तर :** अच्छे रंगदार, गुलाबी सेब । | 1 |
| 14. | लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ?<br>**उत्तर :** सिरहाने । | 1 |
| 15. | समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?<br>**उत्तर :** ईश का । | 1 |
| 16. | यशोदा किसकी कसम खाती है ?<br>**उत्तर :** गोधन की । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **IV.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16** | |
| 17. | 'कश्मीरी सेब' पाठ से क्या सीख मिलती है ?<br>**उत्तर :** * बाजार में व्यापारी धोखा दे सकते हैं ।<br>* खरीदारी करते समय जागरूक रहना चाहिए । | 2 |
| 18 | रोबोनिल सक्सेना के घर में क्या–क्या काम करता था ?<br>**उत्तर :** नाश्ता कराना, मेहमानों के आने पर द्वार खोलना, बच्चों को कहानियाँ सुनाना, होमवर्क कराना, टैपिंग का काम, कुत्ते को घुमाना । (कोई 3-4 अंश ) | 2 |
| 19. | मछली ने मकान बनाने के बारे में क्या सुझाव दिया ?<br>**उत्तर :** * पेड़ से पत्तियाँ तोड़ लाना ।<br>* पत्तियों को छप्पर पर जमा देना, जैसे मछली की पीठ पर पट्टियाँ हैं । | 2 |
| 20. | बचेन्द्री पाल की शिक्षा के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** * रोज पाँच किमी पैदल चलकर स्कूल जाती थी ।<br>* सिलाई करके पढ़ाई का खर्च जुटाया ।<br>* संस्कृत में एम० ए० तथा बी० एड० शिक्षा प्राप्त की । | 2 |
| 21. | कवि के अनुसार समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?<br>**उत्तर :** * समय को व्यर्थ नहीं गँवाना ।<br>* कल का काम आज ही करना ।<br>* चित्त लगाकर काम करना । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 22. | कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज़ है ?<br>**उत्तर :** * यशोदा हमेशा कृष्ण को ही डाँटती है ।<br>* बलराम पर कभी गुस्सा नहीं करती । | 2 |
| 23. | शनि एक सुंदर ग्रह है । कैसे ?<br>**अथवा**<br>'टाइटन' के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** * शनि के चारों ओर वलय हैं, जो स्पष्ट तथा विस्तृत हैं ।<br>* ये वलय शनि के गले में सुंदर हार जैसे दिखते हैं।<br>**अथवा**<br>* टाइटन शनि का सबसे बड़ा उपग्रह है ।<br>* इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।<br>* हमारे चंद्र से बड़ा है ।<br>* इसकी सतह पर अंतरिक्ष यान को उतारा जा सकता है । | 2 |
| 24. | सत्य की शक्ति के बारे में महात्मा गाँधीजी का कथन क्या है ?<br>**अथवा**<br>सलमा ने प्रकृति के बारे में क्या कहा ?<br>**उत्तर :** ''सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है उतने ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नहीं होता ।''<br>**अथवा**<br>प्रकृति हमारी माता है । इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय नहीं करना चाहिए । अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **V.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** **9 × 3 = 27** | |
| 25. | अब्दुल कलाम जी का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीता । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * कलाम जी के पिता आडंबरहीन व्यक्ति थे ।<br>* चूने, पत्थर, ईंट से बने पुराने घर में रहते ।<br>* घर में सभी आवश्यक चीजें थीं, ऐशो-आरामवाली चीजें नहीं ।<br>* पिता की सादगी का प्रभाव कलाम जी पर पड़ा । | 3 |
| 26. | लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ? बताइए ।<br>**उत्तर :** * घायल गिल्लू को कमरे में लायी ।<br>* रूई से रक्त पोंछकर, पेन्सिलिन मरहम लगाया ।<br>* पानी पिलाया । | 3 |
| 27. | इंटरनेट से होनेवाले किन्हीं तीन लाभों के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** * चित्र, वीडियो, संदेश को कम समय, कम खर्च में कहीं भी भेज सकते हैं ।<br>* ई-बैंकिंग द्वारा पैसों की लेन-देन ।<br>* घर बैठे खरीदारी ।<br>* वीडियो कान्फरेन्स द्वारा सचित्र विचार-विनिमय ।<br>* सोशल नेटवर्किंग द्वारा दुनिया का परिचय ।<br>* आई० टी० क्षेत्र से रोजगारी ।<br>* ई-गवर्नेन्स द्वारा पारदर्शी प्रशासन ।<br>( इनमें से कोई तीन अंश ) | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 28. | राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** * मजदूरों के नेता ।<br>* गरीबों के प्रति हमदर्दी ।<br>* बसंत की मदद करने के लिए छलनी खरीदना ।<br>* बसंत की चिकित्सा के लिए डॉक्टर को बुलवाना ।<br>* चिकित्सा का खर्च देना । | 3 |
| 29. | बाल-शक्ति के बालक गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाते हैं ? विवरण दीजिए ।<br>**उत्तर :** * स्कूल का परिसर स्वच्छ रखना ।<br>* रोज एक घंटा गाँव की सफ़ाई करना ।<br>* कचरा डालने के लिए निश्चित जगह बनाना ।<br>* सड़क के गड्ढे मिट्टी से ढाँपना ।<br>* पेड़-पौधे लगाना । | 3 |
| 30. | कवि ने मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ?<br>**उत्तर :** * हरे-भरे सुंदर खेत ।<br>* फल-फूलों से सुशोभित वन-उपवन ।<br>* अपार खनिज-संपत्ति । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 31. | दिनकर जी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।<br>**उत्तर :** * आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय पायी है ।<br>* जल, विद्युत, भाप, पवन का ताप आदि पर नियंत्रण कर रखा है ।<br>* नदी, सागर, पर्वत को लाँघ सकता है ।<br>* ज्ञान-विज्ञान का आगार है ।<br>* गगन से पाताल तक की जानकारी रखता है । | 3 |
| 32. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।<br>पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।<br>**उत्तर :** * मुखिया की तुलना मुख के साथ की गयी है ।<br>* मुँह अकेला खाता है । शरीर के सभी अंग तथा बुद्धि का भी विकास होता है ।<br>* मुखिया को समाज के सभी अंगों के विकास के लिए काम करना चाहिए । | 3 |
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br>दोनों दोस्त जंगल से लौटकर आए और एक जगह मकान बना लिया । यह दुनिया में आदमी के हाथों बना पहला मकान था ।<br>**उत्तर :** ಇಬ್ಬರೂ ಗೆಳೆಯರು ಕಾಡಿನಿಂದ ಮರಳಿ ಬಂದರು. ಒಂದು ಸ್ಥಳದಲ್ಲಿ ಮನೆ ಕಟ್ಟಿಕೊಂಡರು. ಈ ಮನೆಯು ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಮನುಷ್ಯನಿಂದ ನಿರ್ಮಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಮೊದಲ ಮನೆಯಾಗಿತ್ತು.<br>Both the friends returned from the forest. They built a house in a place. This was the first house in the world built by human being. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** <br> **2 × 4 = 8** | |
| 34. | कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है । कैसे ? वर्णन कीजिए । <br> **अथवा** <br> कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अनमोल है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए । <br> **उत्तर :** * बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु के मंदिरों की शिल्पकला अद्भुत है । <br> * बेलूरु, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं । इनमें रामायण, महाभारत, पौराणिक कथाएँ चित्रित हैं । <br> * श्रवणबेलगोला में गोमटेश्वर की एकशिला मूर्ति 57′ ऊँची है । <br> * विजयपुर के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी प्रसिद्ध है । <br> * मैसूर के राजमहल, सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल अत्यंत आकर्षक हैं । <br> ( इनमें कोई 5 - 6 अंश ) <br> **अथवा** <br> * वचनकार, बसवण्ण क्रांतिकारी समाज सुधारक थे । <br> * अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे संतों ने वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है । <br> * पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने नीति के गीत गाये हैं । <br> * पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि ने महान काव्यों की रचना की है । <br> * आधुनिक काल के साहित्यकार कुवेंपु, द० रा० बेंद्रे, शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेश अय्यंगार, वि० कृ० गोकाक, यू० आर० अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत हैं । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ............................<br>.........................................<br>.........................................<br>............................ भागो तुम ।<br>**उत्तर : कवितांश :**<br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| **VII.**<br><br>36. | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4**<br>कर्नाटक एकीकरण के लिए आलूर वेंकटराव जी की सेवा अविस्मरणीय है । राष्ट्रसेवा के लिए उन्होंने वकालत छोड़ दी । उच्च विचार, सादा जीवन अपनाया । वकालत छोड़ने पर उन्हें अपना मनपसंद काम करने का मौका मिलने लगा । वेंकटराव जी मानसिक आजादी को सबसे बड़ी आजादी समझने लगे । उन्हीं के प्रयत्न से धारवाड में 'कर्नाटक नूतन विद्यालय' स्थापित हुआ । उस समय छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना राष्ट्रीय शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य था । वेंकटराव जी ने नव कर्नाटक निर्माण का सपना देखा था ।<br>(अ) आलूर वेंकटराव जी ने वकालत क्यों छोड़ दी ?<br>(आ) वेंकटराव जी ने कैसा जीवन अपनाया ?<br>(इ) राष्ट्रीय शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य क्या था ?<br>(ई) वेंकटराव जी ने कैसा सपना देखा था ? | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** (अ) राष्ट्रसेवा के लिए । | 1 |
| | **उत्तर :** (आ) उच्च विचार, सादा जीवन । | 1 |
| | **उत्तर :** (इ) छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना । | 1 |
| | **उत्तर :** (ई) 'नव कर्नाटक' निर्माण का । | 1 |
| **VIII.** | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4** | |
| 37. | (क) **खेलों का महत्व**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ खेल के प्रकार<br>✳ खेलने से होनेवाले लाभ<br>✳ उपसंहार ।<br>(ख) **इंटरनेट – एक वरदान**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ इंटरनेट का अर्थ<br>✳ इंटरनेट से लाभ<br>✳ उपसंहार ।<br>(ग) **नागरिक के कर्तव्य**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ नागरिक के कर्तव्य तथा महत्व<br>✳ उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **IX.** | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5** | |
| 38. | अपनी बड़ी बहन की शादी का निमंत्रण देते हुए अपने दोस्त को पत्र लिखिए । | |
| | **अथवा** | |
| | कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए । | |
| | **उत्तर : पारिवारिक पत्र –** | |
| | ✳ प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ संबोधन एवं अभिवादन 1 | |
| | ✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$ | 5 |
| | ✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | |
| | **अथवा** | |
| | **व्यावहारिक पत्र –** | |
| | ✳ प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ विषय $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ संबोधन $\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$ | |
| | ✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | |